# नगर निगम, गोरखपुर

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण समस्त अधिकृत फर्मो एवं ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, गोरखपुर के स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय कार्यालय से वित्तीय वर्ष 2025–2026 हेतु स्वच्छ भारत मिशन के तहत महानगर के सौन्दर्यीकरण तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की जनजागरूकता, प्रचार–प्रसार हेतु वॉल पेटिंग, वाल राइटिंग एवं अन्य विधाओ से दीवारो पर कलाकृति बनाने के कार्य हेतु **मुहरबंद निविदायें दिनांक** 14/02/25 को **पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी उक्त तिथि को ही अपरान्ह 3.30 बजे तक **सहायक नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी (SBM) कार्यालय** कक्ष में खोला जायेगा। समस्त कार्यो से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनाँक 11/02/25 से दिनॉक 13/02/25 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक **स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय कार्यालय** से की जायेगी। निविदा के साथ **रूपया 25,000.00 धरोहर धनराशि** जमा करना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा।

| क्र.सं. | कार्य | मात्रा | दर (जी.एस.टी.) |
|---|---|---|---|
| 1 | वाल पेटिंग/चित्रकारी (Nerolac, Berger, Asian make ISI Mark paint) | प्रति वर्ग फीट | |
| 2 | वाल राइटिंग (Nerolac, Berger, Asian make ISI Mark paint) | प्रति वर्ग फीट | |
| 3 | 3डी कलाकृति/म्यूरल | प्रति वर्ग फीट | |

नियम एवं शर्ते :–

1– निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी प्रपत्र पर फर्म के मोहर सहित स्पष्ट एवं पूर्ण हस्ताक्षर होना चाहिये। स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर न होने की दशा में निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

2– निविदादाता को निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो व अंको में निर्धारित स्थान पर साफ–साफ अंकित करनी होगी। निविदा दरो में ओवर राईटिंग, कटिंग एवं वाइटनर का प्रयोग होने की दशा में निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

3– निविदा फार्म रू0 500.00 + GST नगद भुगतान कर (जो वापस न होगा) दिनांक 11/02/25 से दिनॉक 13/02/25 तक किसी भी कार्य दिवस में स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

4– निविदादाता को निविदा प्रपत्र निम्न प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगाः–

I. GST प्रमाण पत्र।

II. PAN कार्ड

III. निविदा मूल्य की मूल रसीद

IV. काली सूची में न होने की नोटरी एवं शपथ पत्र।

V. निविदादाता को 2 वर्ष का ITR प्रमाण पत्र।

5– निविदादाता को घरोहर धनराशि रूपया 25,000.00 मात्र का एफ.डी.आर./सी.डी.आर/एन.एस.सी. के रूप मे (राष्ट्रीय बैंक द्धारा जारी) जो प्रभारी अधिकारी/नोडल अधिकारी, एस.बी.एम., नगर निगम गोरखपुर के पक्ष मे बंधक होगा, जिसे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

6– निविदा में समस्त कार्यो का यूनिट दर मांगा गया है। कार्य की आवश्यकतानुसार नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के उपरान्त कार्यादेश/आपूर्ति आदेश के माध्यम से कार्य कराया जायेगा। जिसमें न्यूनतम दर प्राप्त करने वाली फर्म अर्ह पायी जाएगी। सम्बन्धित कार्य की अधिकता पर तात्कालिक कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत निविदा मे प्रतिभाग किये गये अर्ह निविदादाताओ से प्राप्त न्यूनतम दर पर निगोशिएशन की कार्यवाही की जा सकती है।

7– डाक द्वारा प्राप्त केवल उन्ही निविदाओ पर विचार किया जायेगा जो नियत अवधि के अन्दर प्राप्त होगें।

8– सफल निविदादाता को कार्यादेश/आपूर्ति आदेश की धनराशि का 3 दिवस के अन्दर 0.7 प्रतिशत मूल्य के स्टैम्प पेपर पर इकरारनामा जमा करना अनिवार्य होगा।

9– अनुबन्ध स्टैम्प पेपर ट्रेजरी (कोषागार) से सीधे क्रय करना अनिवार्य है। 1

10– निविदा प्राप्त करने की तिथि में यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त व खोली जायेगी।

11– निविदा की बैद्यता 31.03.2026 तक मान्य होगी। यदि फर्म का कार्य/व्यवहार संतोषजनक रहेगा तो स्वीकृत दरो पर कार्य करने की अवधि विस्तारित की जा सकती है।

12– निविदादाता अपने कार्यो के अनुरूप किसी एक अथवा अधिक कार्यो के लिए एक ही फार्म पर दरें अंकित कर प्रस्तुत कर सकते है।

13– न्यूनतम निविदादाता को कार्यादेश के अनुसार निर्धारित अवधि में गुणवत्ता पूर्ण ब्रान्डेड सामग्रीयो का उपयोग के साथ कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। कार्य गुणवत्ता पूर्ण न प्राप्त होने की दशा में पूर्ण अथवा आंशिक धनराशि तकनीकि परीक्षण में काटते हुए भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

14– कार्य कराने के पूर्व, कार्य के दौरान एव कार्य पूर्ण होने पर स्थल का जिओ टेंग फोटो बिल के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

15– न्यूनतम निविदादाता द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में विलम्ब पर अर्थदण्ट देय होगा।

16– सफल निविदादाता द्वारा यदि समय से कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो नगर आयुक्त नगर निगम को यह अधिकार होगा की वह आपूर्ति को किसी अन्य से करा लें तथा इस प्रक्रिया में जो निगम को अधिक व्यय करना होगा वह निविदादाता के धरोहर धनराशि से जब्त करके पूर्ण कर लिया जायेगा।

17– निविदा सूचना नगर निगम, गोरखपुर बेबसाइट **www.nagarnigamgkp.org** पर उपलब्ध रहेगी।

18– किसी या सभी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा, किसी भी विवाद के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

-1

रसीद सं0.........................

# स्वच्छ भारत मिशन, नगर निगम, गोरखपुर

कार्य का नाम – स्वच्छ भारत मिशन के तहत महानगर के सौन्दर्यीकरण तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की जनजागरुकता, प्रचार–प्रसा हेतु वॉल पेटिंग, वाल राइटिंग एवं अन्य विधाओ से दीवारो पर कलाकृति बनाने के कार्य हेतु।

धरोहर धनराशि : रू0

निविदा मूल्य : रू0 + GST

निविदा तिथि : ...................................

ठेकेदार/फर्म का नाम : ...................................

प्र०अधिकारी (एस.बी.एम.)

वरिष्ठ लिपिक (एस.बी.एम.)

वित्तीय प्रस्ताव का विवरण

| क्र.सं. | कार्य | मात्रा | निविदा दर GST सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | वाल पेटिंग/चित्रकारी (Nerolac, Berger, Asian make ISI Mark paint) | प्रति वर्ग फीट | |
| 2 | वाल राइटिंग (Nerolac, Berger, Asian make ISI Mark paint) | प्रति वर्ग फीट | |
| 3 | 3डी कलाकृति/म्यूरल – | | |
| | i. एफ०आर०पी म्यूरल आर्ट | प्रति वर्ग फीट | |
| | ii. सीमेंट म्यूरल आर्ट | प्रति वर्ग फीट | |
| | iii. जी०आर०सी/पी०ओ०पी म्यूरल आर्ट | प्रति वर्ग फीट | |

1. सत्यंकार धनराशि (अर्नेस्ट मनी) का विवरण ............................................................ हाँ/नही
2. FDR No. .............................. धनराशि रू0.......................... दिनाँक.......................... हाँ/नही
3. मै नगर निगम के समस्त नियम एवं शर्तो से सहमत हूँ।

फर्म का नाम.......................................... फर्म के स्वामी का नाम.........................

पता.......................................... मोबाईल नम्बर.........................................

दिनाँक..........................................

.........................

मोहर और हस्ताक्षर

(कार्यालय प्रयोग हेतु)

1–क्या निविदा प्रपत्र में ओवर कटिंग/कटिंग/सफेदा का प्रयोग किया गया है? हाँ/नहीं

2–क्या निविदा मूल्य की मूल रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है? हाँ/नहीं

3–क्या निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त पत्रावली प्रमाणित है। हाँ/नही

4–क्या निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि का मूल पत्र संलग्न है? हाँ/नहीं

वरिष्ठ लिपिक (एस.बी.एम.)

प्र0अधिकारी (एस.बी.एम.)